इंटर सेंटअप 11 से 21 तक 23 अक्टूबर तक रिजल्ट

पटना। बिहार बोर्ड ने इंटर सेंटअप परीक्षा की तिथि जारी कर दी है। परीक्षा 11 से 21 अक्तूबर तक होगी। प्लस टू स्कूल व कॉलेज अपने सुविधानुसार सैद्धांतिक एवं प्रैक्टिकल विषयों की परीक्षा आयोजित करेंगे।

बोर्ड ने कहा है कि इंटर वार्षिक परीक्षा 2023 में शामिल होने वाले सूचीकृत नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाइंग कोटि के स्टूडेंट्स सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक विषयों की सेंटअप परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा प्लस टू स्कूल व कॉलेजों के स्तर पर संचालित होगी। सेंटअप परीक्षा के लिए सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में प्रश्न पत्र बोर्ड की ओर से भेजा जाएगा। बोर्ड ने कहा है कि स्कूल और कॉलेज अपनी सुविधा अनुसार 21 अक्टूबर तक इंटर की सेंटअप परीक्षा आयोजित कराएंगे। इसके बाद 23 अक्टूबर तक परीक्षाफल बोर्ड कार्यालय में उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

www.resultbihar.com